


बिना अनुमति छात्राओं को परिसर से बाहर जाने देने और घटना की जानकारी अधिकारियों को नहीं देने पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

# छात्राओं की सुरक्षा में की लापरवाही कन्या आश्रम की अधीक्षिका निलंबित




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 17 अगस्त. आदिवासी कन्या आश्रम में छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बरतना अधीक्षिका को भारी पड़ गया।**

कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) ने शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम हिंदी माध्यम 110 सीटर कन्या शिक्षा परिसर, छिंदवाड़ा की प्रभारी अधीक्षिका एवं प्राथमिक शिक्षक श्रीमती अनिता दहिया को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश 16 अगस्त 2026 को जारी किया गया। मामला 14 अगस्त का है। आदेश के अनुसार आश्रम की कुछ छात्राएं परिसर से बाहर चली गई थीं। बताया गया कि छात्राओं को बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के संस्था कैंपस से बाहर जाने दिया गया। घटना के बाद छात्राओं को वापस लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई, लेकिन पूरे मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी गई। जांच में इसे छात्राओं की सुरक्षा के प्रति गंभीर लापरवाही माना गया।

### चार सदस्यीय समिति ने की जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्यालयीन आदेश क्रमांक 4385, दिनांक 14 अगस्त 2026 के माध्यम से चार सदस्यीय समिति गठित कर घटना की जांच कराई गई।

समिति की रिपोर्ट के आधार पर अधीक्षिका की भूमिका की जांच की गई। रिपोर्ट में आश्रम की नाबालिग छात्राओं को बिना सक्षम अनुमति परिसर से बाहर जाने देने तथा उनकी सुरक्षा के प्रति गंभीर लापरवाही सामने आने की बात कही गई।छात्राओं की सुरक्षा को जोखिम में डालना और घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं देना गंभीर कर्तव्यहीनता है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर प्रशासन जांच में यह भी पाया गया कि आश्रम में छात्राओं की सुरक्षा और अनुशासन से जुड़े नियमों का पालन अपेक्षित तरीके से नहीं किया गया। प्रशासन ने इसे कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उदासीनता एवं स्वेच्छाचारिता मानते हुए कार्रवाई योग्य माना।

### निलंबन अवधि में मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय

आदेश में मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत श्रीमती अनिता दहिया को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, हर्रई निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।कलेक्टर कार्यालय ने स्पष्ट किया कि आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। कार्रवाई के बाद आश्रम में छात्राओं की सुरक्षा, अनुशासन और निगरानी व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सख्ती के संकेत भी मिले हैं।

### प्रशासन का संदेश नाबालिग छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

बिना अनुमति परिसर से बाहर जाने की घटना और इसकी सूचना समय पर वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं देने को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारी तय करते हुए अधीक्षिका के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई।

## सावन के तीसरे सोमवार और नागपंचमी के दुर्लभ संयोग पर श्री राम मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

### त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग और नागचंद्रेश्वर महादेव की भव्य झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 17 अगस्त. शहर के हृदय स्थल छोटी बाजार स्थित श्री सत्यधर्म मंडल द्वारा संचालित श्री राम मंदिर में सावन मास के तीसरे सोमवार और पावन नागपंचमी पर्व के विशेष अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।**



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मंदिर परिसर में नासिक में विराजित त्र्यंबकेश्वर शिवलिंग के प्रतीकात्मक स्वरूप का निर्माण कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन और महारुद्राभिषेक किया गया।सत्यधर्म मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकुल सोनी ने बताया कि काशी से शिक्षित प्रसिद्ध वेदाचार्य पं. नंदकिशोर शास्त्री जी के मुख्य आचार्यात्व एवं पावन सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का अभिषेक कराया गया। नागपंचमी पर्व का पावन योग होने के कारण शिवलिंग का विशेष रूप से दूध से अभिषेक किया गया। इसके साथ ही, उज्जैन में विराजित श्री नागचंद्रेश्वर महादेव की अलौकिक एवं मनमोहक झांकी सजाई गई, जिसके दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

इस अवसर पर क्षेत्र में उत्तम वर्षा और नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर मंदिर परिसर में स्थापित प्राचीन पंचमुखी शिवलिंग का माँ नर्मदा जी के पवित्र जल से सहस्त्रधारा के साथ महाअभिषेक संपन्न हुआ।उज्जैन के नागचंद्रेश्वर महादेव की इस भव्य झांकी के निर्माण एवं आयोजन की व्यवस्थाओं में समिति के सदस्य मनोज चौरसिया, जितेंद्र सोनी, सार्थक चौरसिया, प्रतीक सोनी, विशाल सोनी, पंकज सोनी, हर्षित चौरसिया, जयप्रकाश और राजेश्वर का सराहनीय योगदान रहा। सचिव सतीश दुबे (लालाजी) ने बताया कि पूरे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ में हुई नियुक्ति

**छिन्दवाड़ा.** कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ में नवनियुक्ति की गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों से चर्चा के उपरांत कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष फिरोज खान के द्वारा ब्लॉक कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ छिन्दवाड़ा ग्रामीण भाग एक अध्यक्ष पद पर अर्जुन चन्द्रवंशी को मनोनीत किया है। नियुक्ति पर प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## मेमो ट्रेन के सामने कूदी अज्ञात युवती की मौत

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 17 अगस्त. देहात थाना क्षेत्र में सोमवार शाम करीब 5.30 बजे पोआमा स्थित रेलवे फाटक पर एक युवती ने मेमो ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।**

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया है। देर रात तक युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।प्रत्यक्षदर्शी हेमंत गोदरे के अनुसार, युवती परासिया की ओर से ऑटो में सवार होकर आ रही थी। मेमो ट्रेन के आने का समय होने के कारण रेलवे फाटक बंद था। इसी दौरान युवती ऑटो से उतर गई और चालक को किराया देकर रेलवे ट्रैक के पास जाकर खड़ी हो गई। कुछ देर बाद जैसे ही मेमो ट्रेन वहां पहुंची, युवती अचानक उसके सामने कूद गई। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसा होते ही आसपास मौजूद लोग घटनास्थल की ओर दौड़े और ट्रेन को रुकवाया। सूचना मिलने पर 112 की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने शव को अस्पताल पहुंचाया। युवती के पास से एक छतरी और पर्स मिला है। पर्स में करीब 150 रुपये बताए जा रहे हैं। हालांकि उसके पास ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके।




पुलिस ने शव को मर्चुरी में सुरक्षित रखवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवती की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, शिनाख्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जहर सेवन से युवक की मौत

**छिंदवाड़ा।** बिछुआ थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक की रविवार की देर शाम जहर सेवन से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार शत्रुघन पिता भीवा सोनवानी उम्र 44 साल चिंद्रिकापुर की रहने वाला है। उसने रविवार की शाम अज्ञात कारणों के चलते जहर का सेवन कर लिया। जिसके बाद उसे उल्टियां होने लगी। गंभीर हालत होते देख परिजनों ने उसे शाम पांच बजे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान तकरीबन सात बजे उसने दम तोड़ दिया। खबर सुनते ही परिवार में मातम पसर गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 17 अगस्त. कुडीपुरा थाना क्षेत्र के सिवनीप्राण मोती के रहने वाले युवक ने बीते दिनों फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि वह तीन चार दिनों से परेशान चल रहा था।**



जानकारी अनुसार नटवर पिता सुगन जोशी उम्र 42 साल सिवनीप्राण मोती का रहने वाला है। सोमवार की दोपहर उसके परिजन बाहर गए हुए थे। इस दौरान वह घर में अकेला था। देर शाम उसके परिजन घर लौटे। जैसे वह कमरे में पहुंचे। उसे फांसी पर लटका देख दंग रह गए। उसकी पत्नी की चीख पुकार आस-पड़ौस के लोग आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर सुरक्षित मरच्युरी में रखवाया। पुलिस ने दूसरे दिन पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## दस घंटे देरी से पहुंची पातालकोट एक्सप्रेस, यात्री हुए परेशान



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 17 अगस्त. फिरोजपुर से छिंदवाड़ा आने वाली पातालकोट एक्सप्रेस सोमवार को करीब दस घंटे की देरी से पहुंची। ट्रेन के निर्धारित समय पर नहीं पहुंचने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ट्रेन के इंतजार में यात्री लंबे समय तक रेलवे स्टेशन पर बैठे रहे।**

जानकारी के अनुसार, पातालकोट एक्सप्रेस (20424) के छिंदवाड़ा पहुंचने का निर्धारित समय सुबह करीब 5 बजे है, लेकिन ट्रेन करीब 10 घंटे की देरी से दोपहर 2:30 बजे छिंदवाड़ा पहुंची। ट्रेन के काफी विलंब से पहुंचने के कारण यात्रियों को अपनी आगे की यात्रा को लेकर भी परेशानी हुई। स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों को लंबे समय तक जानकारी का इंतजार करना पड़ा।छिंदवाड़ा पहुंचने के बाद पातालकोट एक्सप्रेस को आगे शिवानी के लिए रवाना किया गया। इसके बाद वापसी में पातालकोट एक्सप्रेस (20423) करीब शाम 6 बजे छिंदवाड़ा से फिरोजपुर के लिए रवाना हुई।ट्रेन के करीब दस घंटे विलंब से पहुंचने के कारण यात्रियों में नाराजगी भी देखी गई। यात्रियों का कहना था कि ट्रेन के विलंब की सही जानकारी समय पर मिलने से उन्हें अपनी यात्रा की योजना बनाने में सुविधा होती। लंबे इंतजार के चलते बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ा। इस मामले मे ट्रेन होने के मामले में रेलवे अधिकारियों को कॉल किया गया लेकिन कॉल रिसीव नहीं होने के कारण जानकारी नहीं मिल पाई.

## शासकीय स्कूलों के निरीक्षण में महापौर ने बच्चों से किया संवाद



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 17 अगस्त. नगर निगम महापौर विक्रम सिंह अहके जी ने आज शासकीय प्राथमिक शाला ढीमराढाना एवं शासकीय प्राथमिक शाला गाडरीढाना का औचक निरीक्षण किया।** इस दौरान बी ओ अशरफ अली, शिक्षक आशीष ब्रम्हवंशी, शिक्षिका मीना ठावरे उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों से आत्मीय एवं सुखद संवाद किया।

महापौर श्री अहके ने बच्चों से उनकी पढ़ाई, विषयों की समझ, स्कूल में मिलने वाली शैक्षणिक सुविधाओं एवं दैनिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से विभिन्न विषयों से जुड़े सवाल पूछकर उनकी शैक्षणिक प्रगति को भी परखा तथा उनके हाल-चाल जाने।इस दौरान महापौर ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, नियमित रूप से विद्यालय आने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों से भी विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों एवं बच्चों की पढ़ाई की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

महापौर ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें बेहतर शिक्षा एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। नगर निगम क्षेत्र के विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिले, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर निरंतर ध्यान दिया जाएगा।

### शहीद लालमन के परिजनों का कांग्रेस जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ ने किया सम्मान

**छिंदवाड़ा.** छिंदवाड़ा की माटी में जन्मे देश के महान शहीद व जिले के पहले शहीद स्व. लालमन कठौते की शहादत को याद करते हुए कांग्रेस जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस पर उनके परिजनों से मुलाकात कर सम्मान किया गया इस दौरान उनके निवास नागपुर रोड़ चित्रकूट कॉम्पलेक्स के बाजू में देश के लिए शहादत देने वाले शहीद लालमन कठौते जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तत्पश्चात् उनके परिजनों में उनकी पत्नी ललती बाई का शाल श्री फल फूल माला व मिष्ठान खिलाकर सम्मान किया।इस अवसर पर कांग्रेस जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने बताया कि भारत पाक युद्ध में 8 वी गार्ड रेजिमेंट में पदस्थ सन् 1971 में आपरेशन कैक्टस लिली के दौरान उनकी शहादत हुईं वे जिले के पहले शहीद थे। उनकी शहादत पर हमे गर्व है,

### कांग्रेस ने रमेश बेले को छह वर्षों के लिए किया निष्कासित

**छिन्दवाड़ा.** पार्टी नियमों को तोड़कर लगातार कांग्रेस विरोधी गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले रमेश बेले को जिला कांग्रेस अनुशासन समिति ने 06 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है। नियम विरुद्ध किए गए कार्यों की शिकायत विगत लम्बे समय से कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों तक पहुंच रही थी। उन्हें मौखिक रूप से समझाई भी दी गई थी कि वे पार्टी विरोधी गतिविधियों से दूर रहे, किन्तु वे नहीं माने।विगत दिनों में भी उन्होंने कांग्रेस पार्टी के दिशा-निर्देशों अथवा निमयों को तोड़ने का कार्य किया। इस मामले की शिकायत जिला अनुशासन समिति को सम्पूर्ण तथ्यों व प्रमाण के साथ प्राप्त हुई, जांच में शिकायत सही पाए जाने पर कांग्रेस की जिला अनुशासन समिति ने रमेश बेले को तत्काल प्रभाव से 06 वर्षों के लिए निष्कासित किया है।

### आज राजीव भवन में मनाया जाएगा हरियाली तीज

**छिन्दवाड़ा.** राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में हरियाली तीज का आयोजन किया गया है। शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती दीपा यादव ने बताया कि 18 अगस्त दिन मंगलवार को शहर महिला कांग्रेस के द्वारा हरियाली तीज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दोपहर 01 बजे से प्रारंभ होगा, आयोजन में कांग्रेस परिवार की समस्त माताएं एवं बहनें उपस्थित रहेंगे। श्रीमती यादव ने कांग्रेस के समस्त विभाग, प्रकोष्ठ, मोर्चा संगठन की महिला नेत्रियों से आग्रह किया है कि वे समय पूर्व राजीव भवन पहुंचे और हरियाली तीज के कार्यक्रम में सम्मिलित होंवे।


स्वतंत्रता दिवस की मधुर बेला पर समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
शासकिय शराब दुकान पिपलानारायणवार
विनीत . प्रवीण चौहान शराब ठेकेदार पिपलानारायणवार

स्वतंत्रता दिवस की मधुर बेला पर समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
विनीत
डॉ.मिथिलेश्वरी घोरमारे
प्राचार्य
शास.महाविद्यालय सौंसर
एवं समस्त स्टाफ शास . महाविद्यालय सौंसर


## बारिश की कमी से किसानों की बढ़ी चिंता, सामान्य औसत से 470 मिमी पीछे जिला

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा, 17 अगस्त. जिले में मानसून के दौरान बारिश की स्थिति किसानों के लिए चिंता बढ़ाने वाली है। 16 अगस्त तक जिले में इस वर्ष औसत 589.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जबकि जिले की सामान्य औसत बारिश 1059 मिलीमीटर है।**

इस तरह सामान्य बारिश की तुलना में जिला अब तक करीब 469.6 मिलीमीटर पीछे है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जिले में 667 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई थी। यानी इस बार पिछले वर्ष की तुलना में भी करीब 77.6 मिलीमीटर कम बारिश हुई है।



कलेक्टर कार्यालय स्थित भू-अभिलेख शाखा की ओर से 16 अगस्त को जारी ब्लॉकवार वर्षा रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसतन सिर्फ 3.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। पिछले वर्ष इसी दिन जिले में 17.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी। लगातार कम बारिश का असर खरीफ फसलों की स्थिति पर पड़ने की आशंका है। किसानों को अब आगामी दिनों में अच्छी बारिश का इंतजार है, ताकि खेतों में नमी बनी रहे और फसलों को पर्याप्त पानी मिल सके।

### हर्रई में सबसे अधिक, छिंदवाड़ा में सबसे कम

इस वर्ष अब तक तहसीलवार बारिश में हर्रई 754.2 मिलीमीटर के साथ सबसे आगे है। इसके बाद उमरेठ में 675.8, चौरई में 674.2, तामिया में 659.2 और चांद में 645.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई है। जुन्नारदेव में 602, अमरवाड़ा में 588, बिछुआ में 483.3, मोहखेड़ में 450 और परासिया में 446.1 मिलीमीटर बारिश हुई है। जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा तहसील में अब तक सबसे कम 362 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।16 अगस्त को तामिया में 18 मिलीमीटर, जुन्नारदेव में 14.6, उमरेठ में 4.4 और हर्रई में 2 मिलीमीटर बारिश हुई। बाकी तहसीलों में इस दिन बारिश दर्ज नहीं हुई। पिछले वर्ष की तुलना करें तो 16 अगस्त तक हर्रई में 990.3 मिलीमीटर बारिश हुई थी, जबकि इस बार यहां 754.2 मिलीमीटर ही पानी गिरा है। तामिया में भी पिछले वर्ष के 743.8 मिलीमीटर के मुकाबले इस वर्ष 659.2 मिलीमीटर बारिश हुई है।

### फसलों के लिए बारिश जरूरी

खरीफ सीजन में सोयाबीन, मक्का, धान सहित अन्य फसलों के लिए बारिश की नियमितता महत्वपूर्ण है। जिले में बारिश का आंकड़ा सामान्य से काफी नीचे रहने के कारण किसानों की नजर अब मौसम पर टिकी है। जिन क्षेत्रों में पर्याप्त बारिश नहीं हुई है, वहां खेतों में नमी बनाए रखना चुनौती बन सकता है। खासकर छिंदवाड़ा, परासिया, मोहखेड़ और बिछुआ जैसे क्षेत्रों में अब तक हुई बारिश सामान्य स्थिति के मुकाबले कम है।प्रशासन द्वारा जारी रिपोर्ट में 16 अगस्त तक की स्थिति स्पष्ट की गई है। किसानों को उम्मीद है कि मानसून की शेष अवधि में अच्छी बारिश होगी और अब तक की कमी कुछ हद तक पूरी हो सकेगी। लगातार बारिश नहीं होने पर खरीफ उत्पादन और कृषि कार्यों पर इसका असर पड़ सकता है।


B.Tech ADMISSION OPEN 2026-27
अभी कॉल करें
6262110029
9111355846
रविवार को भी कॉलेज खुला है
ऐनी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड रिसर्च सेंटर, छिंदवाड़ा
CSE | CE | ME | ECE | AU
600+ प्लेसमेंट
SC/ST Free Education with Government Scholarships*
OBC एवं EWS छात्रों हेतु विशेष फीस सहायता
12वीं (PCM) के अंकों के आधार पर प्रवेश
600+ प्लेसमेंट
अनुभवी फैकल्टी
आधुनिक लैब एवं प्रेक्टिकल ट्रेनिंग
सीमित सीटें
सफलता की नई मिसाल!
शैक्षणिक सत्र 2025-26 का 100% परीक्षा परिणाम!
सभी छात्रों के लिए FREE AI TRAINING + CERTIFICATE
AI | Data Science | Industry Skills
हवाई पट्टी के पास, बैतूल रोड, छिंदवाड़ा | www.aitrc.net

IPS COLLEGE
B.Sc. Elg. 12th with Bio BIOINFORMATICS
University Research Centre Biotechnology
ESTD-2001 26 Year
B.Sc. Honours/M.Sc. MICROBIOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Honours/M.Sc. BIOTECHNOLOGY with Industry Ready Program
B.Sc. Elg. 12th with Bio Honours with Research
B.B.A. Honours
B.C.A. MCU M.Sc. CS
B.Sc. Maths B.Sc. Biology
B.Com. Honours M.Com.
B.A. Honours B.A. Computer
In front of S.A.F. Gate Parasia Road Chhindwara
97528-80383 97533-04877
College Code - P-140
www.ipschw.com

मानवता हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
डॉ. आशुतोष सिन्हा
(कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कोपी.
पता:- भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589